## एक नजर में

### आर्यिका 105 प्रशांतमति माता जी के 41वे संयम दीक्षा दिवस पर हुई भव्य भजन निशा



**सनावद, निप्र।** परम् पूज्य विदुषीआर्यिका 105 प्रशांत मति माता जी के 41वे संयम दिक्षा दिवस पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिरजी मैं भव्य भजन निशा का आयोजन किया गया। जिसमे संगीता पाटोदी, पूर्णिमा जैन, दीपांशी जैन, सभ्यता जैन, सारिका जैन, राजू जैन, पंकज जटाले, प्रशांत चौधरी, कमल के के, सुदेश जटाले ने शुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर सभी भक्तों को भक्ति में विभोर कर दिया। सन्मति जैन काका बताया की आर्यिका माँ प्रशांत मति माता जी का जन्म 3 ऑक्टोम्बर 1956 को आशोज कृष्ण चौदस को भावनगर (गुजरात) मे हूवा आप ने आजीवन ब्रमचर्य व्रत कार्तिक शुक्ल दूज को नसलापुर मे आचार्य शुभल सागर जी महाराज से लिया। आप की आर्यिका दीक्षा 22 अप्रैल 1986 चैत्र शुक्ल चतुर्दसी को मुनि श्री दया सागर जी महाराज से हुई। आप को विदुषी आर्यिका की उपाधि भी प्राप्त है। आप के दिक्षा के पूर्व का नाम ब्र.पंकज बेन था। आप ने वर्ष 2012 का चातुर्मास सनावद में एवम वर्ष 2013 का चातुर्मास सनावद के समीप श्री सिद्ध क्षेत्र पोदनपुरम मैं कर के अपनी ज्ञान की गंगा बहाकर सभी उसका रस पान करवाया था। इस अवशर पर प्रत्यूष जैन, महेन्द्र कुमार मुंशी, अरविंद जैन, अक्षय जैन, लोकेंद्र जैन, सरल जटाले, शौभाग्यचंद जैन. गुरु मां भक्त मंडल की और से प्रभावना वितरीत की गई। इस मंगल बेला में सभी समाज्जन उपस्थित थे।

### मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने किया आपदा प्रतिरक्ष कार्यक्रम



**सनावद, निप्र।** सनावद सेक्टर क्रमांक 4 में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आपदा प्रतिरक्ष कार्यक्रम किया गया जिसमें भारत माता की पूजा अर्चना की। मुख्य अतिथियों द्वारा समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव को प्रशस्ति पत्र दिया गया। मेंटर अनिल कदम जितेंद्र पटेल द्वारा प्रशिक्षण में भूकंप एवं हार्ट अटैक एवं आग लगने पर क्या करे विस्तार बताया गया। नवांकुर संस्था संत सियाराम सोशल फाउंडेशन संस्थान संस्थापक सियाराम बिरला जी की मुख्य भूमिका रही। सनावद नगर समिति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष रश्मि पाटीदार सचिव श्री अखिलेश उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप मैं राष्ट्रपति प्राप्त शिक्षक दुर्गा शंकर पाटीदार को आमंत्रित किया गया।

### एक सफल व्यक्ति की सफलता के पीछे शिक्षक की भूमिका रहती है : राजेंद्र सिंह यादव



**कसरावद, निप्र।** एक सफल व्यक्ति की सफलता के पीछे उसका शिक्षक खड़ा होता है। शिक्षक के बिना समाज अधूरा होता है। शिक्षको के प्रयास से ही सरकारी शालाओ में नामांकन बढ़ेगा। यह बात नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह यादव ने शाला में प्रवेश उत्सव के दौरान कही। प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 03 में प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल में शिक्षकों द्वारा बच्चों को स्कूली बैग एवं स्टेशनरी भी बाटी गई इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती विमल यादव, राजेन्द्र सिंह यादव, बी आर सी राजाराम कंदोड़े, बी ए सी अजय कर्मा, परमानन्द पठौते, शिक्षक विजय वर्मा, सुनीता वर्मा, शाकिर पठान, माधुरी मंडलोई, सुधा डोंगरे सहित समस्तशिक्षक शिक्षिका उपस्थिति रहे।

### ब्लॉक की सरकारी स्कूलों मनाया प्रवेशोत्सव नवागत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रहे मौजूद



**गोगावा, निप्र।** शिक्षा के अधिकार के तहत राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेश अनुसार बुधवार एक अप्रैल 2026 से शिक्षा के इस नए सत्र की शुरुआत हो गई है आज ब्लाक की समस्त शासकीय स्कुलो में बच्चो को प्रवेश दिलाकर शिक्षा के इस नए सत्र का आरंभ कर दिया गया है भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय राठौड़ व नवागत बीईओ महेश निशोद ने बच्चो के बीच पहुंचकर इस सत्र की नवीन पुस्तके वितरित कर शिक्षा के इस नए सत्र का बच्चो के बीच प्रवेशउत्सव मनाया और सभी को शुभकामनाएं दी। मालूम हो की हर वर्ष शासकीय स्कुलो में नवीन सत्र के आरंभ में बच्चो को नवीन कक्षा में प्रवेश दिलाकर नवीन सत्र की पुस्तके वितरण का काम किया जाता है इस वर्ष भी ये पुस्तके मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा एक महीना पहले ही समस्त ब्लाक शिक्षा केन्द्रों को उपलब्ध करा दी गईथी जिनको नए सत्र 2026-27 के लिए ब्लाक की समस्त शासकीय स्कुलो में आज से बच्चो को प्रवेश दिलाकर वितरण का काम प्रारंभ कर दिया गया है इस मौके पर गोगावा मुख्यालय पर बालक उत्कृष्ट हायर सेकंडरी एवम कन्या हायर सेकंडरी स्कूलो में एक सादे समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय राठौड़ के मुख्यआतिथ्य में बच्चो को नवीन सत्र में प्रवेशउत्सव एवम नवीन पुस्तके वितरण कर सभी बच्चो को शुभकामनाएं देते हुए सफल भविष्य की बधाई दी इस मौके पर प्राचार्य राहुल पाध्ये, खंड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी विवेक शर्मा, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य शांतिलाल जैन, अमृतलाल डोंगरे, रमा कुशवाह, जाहिदा खान, कय्यूम खान आदि स्कुल स्टाफ मौजूद था।

# समाज को सकारात्मक सोच देना भी पत्रकार का काम : तोमर

## खरगोन में पत्रकार संघ का वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में किया समस्याओं पर मंथन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने खरगोन में श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र है।

पत्रकार समाज की आंख और कान हैं, जिनकी कलम के माध्यम से आमजन की पीड़ा, समस्याएं और अपेक्षाएं शासन-प्रशासन तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का दायित्व केवल घटनाओं का प्रकाशन नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना भी है। पत्रकारों की लेखनी में विश्वसनीयता और संतुलन बना रहना चाहिए, क्योंकि समाज आज भी पत्रकार की लिखी बातों पर भरोसा करता है।

**पत्रकारिता में चुनौतियां और जिम्मेदारी:-** विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि आज के समय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता करना चुनौतियों से भरा है। कई बार जोखिम भी उठाने पड़ते हैं, लेकिन इसके बावजूद पत्रकार अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपनी पहचान और साख का सदैव ध्यान रखना चाहिए और जो भी लिखा जाए, वह समाज के लिए प्रेरणादायक हो।



**गरीब, गांव और आमजन की आवाज बने मीडिया:-** उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गांव, गरीब और वंचित वर्ग की समस्याओं को प्रमुखता से उजागर करना पत्रकारिता का मूल धर्म है। सरकार को आईना दिखाने का कार्य भी मीडिया का है, ताकि योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो सके और कमियों में सुधार किया जा सके।



### संपादकीय अखबार की आत्मा

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि संपादकीय अखबार की आत्मा होता है, जिससे अखबार की सोच, दृष्टि और वैचारिक दिशा स्पष्ट होती है। एक सकारात्मक और प्रेरक लेख समाज के कई लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकता है। यदि किसी एक लेख से भी कुछ लोगों को सही दिशा मिलती है, तो वह पत्रकारिता की बड़ी उपलब्धि है।

**पत्रकार सुरक्षा और सम्मान का विषय:-** उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर उठाए गए मुद्दे पर सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिशा में शासन स्तर पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। पत्रकारों को सुरक्षित वातावरण और सम्मान मिलना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए आयोजक टीम की सराहना की और दूर-दराज से आए सभी पत्रकार साथियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पत्रकारों को एकजुट करने और विचार-विमर्श के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। इस दौरान विधायक बालकृष्ण पाटीदार, जिला अध्यक्ष नंदा ब्रह्माने, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, शासन समन्वयक संयोजक रिजवान सिद्दीकी, आयोजन समिति संयोजक परसराम चौहान, सहसंयोजक विजय मोरे, सचिव सदाशिव वर्मा सहित श्रमजीवी पत्रकार संघ के अन्य पदाधिकारी एवं पदेश के पत्रकार उपस्थित थे।

# महेश्वर में अव्वल आने वाले छात्रों को स्कूल ने किया सम्मानित

**महेश्वर, निप्र।** नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के अवसर पर 1 अप्रैल 2026 को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा सांदीपनि विद्यालय महेश्वर में प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 10:00 भोपाल से लाइव प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव का संबोधन छात्र-छात्राओं को उनके विद्यालय कक्षा में सुनाया एवं दिखाएगा गया।

स्थानीय विद्यालय में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। पीएमश्री शासकीय कन्या विद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार मेव, महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र जैन, मंडल उपाध्यक्ष महादेव पाटीदार, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज पाटीदार, बीआरसी संतोष बरफा उपस्थित रहे। वही सांदीपनि विद्यालय में विद्यालय के अभिभावक अतिथि स्वरूप उपस्थित थे। स्वागत भाषण पीएम श्री विद्यालय की प्राचार्य संध्या चौहान ने विद्यालय में शासन द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने अपने संबोधन में कहा की मध्य प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत कार्य कर रही है जिसके चलते बालक- बालिकाओं को समानता के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पुस्तक, भोजन, साइकिल जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं प्रदान कर रही है। बच्चे पढ़ाई करते हुए अपने परिवार तथा प्रदेश का नाम रोशन करें।



विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन इस बात से भी दिखाई देता है कि शासकीय विद्यालय के बच्चे अब अव्वल अंक लाते हुए अपने परिवार तथा माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं प्रवेश उत्सव के अवसर पर आज जिन छात्रों को पुरस्कृत किया गया है वे सभी छात्राएं श्रेष्ठ अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई है जिससे इस बात की पुष्टि होती है। आप सभी निश्चित और निर्भय होकर अध्ययन करें आपकी चिंता मध्य प्रदेश सरकार हमेशा करेगी, सभी छात्र-छात्राएं पढ़ लिखकर आगे बढे, देश और समाज में नाम कमाएं, इस अवसर पर भूपेंद्र जैन, मनोज पाटीदार तथा संतोष बर्फा बीआरसी ने भी संबोधित किया। नवीन प्रवेश प्राप्त छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। विधायक मेव ने छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तक, पानी की बांटल, आईडी कार्ड देते हुए सम्मानित किया।

### सांदीपनी विद्यालय टेमला में बच्चों ने किया विशेष मध्याह्न भोजन

**खरगोन, निप्र।** शासकीय सान्दीपनी विद्यालय टेमला में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उत्सवी माहौल में की गई। प्रवेश उत्सव और स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रथम आगमन पर नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य अशोक सिंह पंवार ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का मार्ग है। सान्दीपनि विद्यालय परिवार हर छात्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन का विद्यार्थियों ने सीधा प्रसारण देखा और सूना। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ, अभिभावक और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बच्चों को विशेष मध्याह्न



भोजन कराया गया, जिससे प्रवेश उत्सव का यह दिन विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया।

### विकासखंड भगवानपुरा में तिलक लगाकर किया छात्रों का स्वागत...

**बिस्टान, निप्र।** एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रसगांगली में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जनपद शिक्षा समिति के अध्यक्ष और जनपद उपाध्यक्ष संदीप राठौर द्वारा पालकों से अपने बच्चों को नियमित शाला भेजने और शासन की योजनाओं का लाभ लेकर बच्चों का भविष्य उज्ज्वल करने का अनुरोध किया।

राठौर ने शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित किया। विकासखंड स्रोत समन्वयक राजेश कानूनगो द्वारा भी सहभागिता की जाकर बच्चों को नियमित उपस्थिति, शाला की गतिविधियों में शतप्रतिशत सहभागिता



करने और मन लगाकर अध्ययन कर अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा समिति अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, जन शिक्षक श्री राकेश भलसे एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों के द्वारा 85% से अधिक उपस्थिति वाले छात्रों का पुष्पहार से स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक सेट का वितरण भी किया गया एवं कक्षा 6 में प्रवेशित बच्चे जो दो किलोमीटर से अधिक दूरी की बसाहतों से शाला आते हैं उन्हें निशुल्क साइकिल वितरण भी किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन कर बच्चों की नियमित उपस्थिति, शाला में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, गणवेश का निर्धारण, उपस्थित अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा किया गया।

### विधायक ने स्कूली छात्रों को बांटी साइकिलें और किताबें

**सनावद, निप्र।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर बुधवार को प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने छात्र, छात्राओं को मप्र शासन की योजना के अंतर्गत नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण किया।

विधायक ने शासकीय बालक उमावि के पात्र 25 छात्रों और शासकीय कन्या उमावि की पात्र 17 छात्राओं को साइकिलें प्रदान कीं और सभी छात्र छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं। शासकीय बालक उमावि के प्राचार्य धर्मेंद्रसिंह कछवाहे ने विधायक के समक्ष स्कूल की चार क्षतिग्रस्त कक्षाओं के मरम्मत की मांग रखी। विधायक ने क्षतिग्रस्त कक्षाओं



का निरीक्षण किया और नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र मिश्रा को स्कूल की क्षतिग्रस्त कक्षाओं की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। प्राचार्य ने कहा कि स्कूल परिसर में निर्मित दुकानों का किराए की राशि नगरपालिका प्रशासन से स्कूल को दिलवाई जाए। ताकि किराए की राशि से स्कूल की क्षतिग्रस्त कक्षाओं और वाटरकूलर की मरम्मत और अन्य रखरखाव संबंधी छोटे कार्य करवाए जा सकें। प्राचार्य ने स्कूल की बाउंड्रीवाल की मरम्मत और नगरपालिका से स्कूल के शौचालय की नियमित साफ-सफाई की मांग भी की। सीएमओ ने कक्षाओं की शीघ्र मरम्मत और नियमित सफाई कार्य के प्रति आश्वस्त किया। उधर शासकीय कन्या उमावि में विधायक ने नवनिर्मित संगीत कक्ष का शुभारंभ किया और कहा कि संगीत शिक्षक की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। विधायक ने प्राचार्य दुर्गाराम मुछाला एवं शिक्षकों की मांग पर विधायक निधि से डिजिटल बोर्ड देने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार द्वारा नवीन शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें और पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किया जा रही है। प्रदेश सरकार शासकीय स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, भाजपा नगरमंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, एल्डरमैन शांताबाई पंवार, दिलीप सकरोदिया, संजय राठौर, चंद्रशेखर निकम, मनोज जैन, राजेश अंजने, आदित्य पंचोलिया, अमिता मंत्री, प्रभात पंडित, मोहित यादव, बलरामसिंह पंवार, राधेश्याम देसाई, राकेश मालवीय, सरोज इंगला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नि:शुल्क साइकिल वितरण



**बिस्टान, निप्र।** विकासखंड की एकीकृत माध्यमिक शाला चदावड में भी प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में 22 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण उपस्थित एसएमसी अध्यक्ष एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा किया गया। शाला में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। SMC बैठक और बाल सभा के आयोजन के पश्चात् विशेष मध्याह्न भोजन में सब्जी, पूरी एवं खीर बच्चों को वितरित की गई।

## एक नजर में


**विधायक सचिन यादव ने कहा:- मप्र में तहस नहस सहकारी आंदोलन को करेंगें पुनर्जीवित**

# सुभाष यादव के सपनों को करेंगें साकार : सत्यनारायण पटेल

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने अपने पिता पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव के 80 वें जन्मदिवस पर अपने गृहग्राम बोरावां में श्रद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबूजी स्व. सुभाष यादव ने निमाड़ के खेतों में सिंचाई के लिए नर्मदा का पानी पहुँचाकर और सहकारी आंदोलन के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर और निमाड़ अंचल को समृद्धशाली बनाया है।

उन्होनें आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार किसान विरोधी है। आज किसान अपनी उपज गेंहू, चना, मक्का, सरसों और अन्य को समय पर समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने के कारण औने-पौने दाम पर बेचने पर मजबूर है। भाजपा के राज में किसानों को उनकी उपज का कभी भी सही दाम नहीं मिला। किसानां की उपज को खरीदी करने के समय भाजपा सरकार का रवैया हमेशा गोलमाल और किसान विरोधी रहता है। मैं और मेरा पूरा परिवार किसानों को उनका हक दिलाने और पर्याप्त समर्थन मूल्य दिलाने की लड़ाई लड़ते रहेंगें। इस अवसर पर मप्र के कृषि मंत्री रहे कसरावद के विधायक और स्व. सुभाष यादव के छोटे सुपुत्र सचिन यादव ने अपने पिताश्री का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि श्रद्धेय बाबूजी द्वारा मप्र में खड़े किये गये



सहकारी आंदोलन को भाजपा की सरकार ने तहस नहस कर दिया है। उनके जन्मदिवस पर हम संकल्प लेते हैं कि सहकारी आंदोलन को मप्र में पुनर्जीवित करेंगें। विशेष रूप से उपस्थित कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा कि सुभाष यादव ने किसानों की इस धरती को ज्ञान, विज्ञान अनुसंधान, और सहकारिता का देश में प्रमुख केन्द्र बनाया है। उनके किसानों की समृद्धि और विकास के योगदान को युगों तक याद किया जाएगा।

**सुभाष यादव को पुष्पांजलि देने के लिए बोरावॉं में उमड़ा जनसैलाब:-** हरित क्रांति के अग्रदूत मप्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव के 80 वें जन्मदिवस पर उनके गृहग्राम बोरावां में आज बुधवार 01 अप्रैल को निमाड़, मालवा और प्रदेशवासियों ने उन्हें विनम्र पुष्पांजलि अर्पित की। स्व. सुभाष यादव की धर्मपत्नी श्रीमती दमयंती यादव, ज्येष्ठ सुपुत्र पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव, छोटे सुपुत्र और मप्र के पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद के विधायक सचिन यादव, उनके भाई राजेन्द्र यादव, हर्षवर्धन यादव, डॉ. नम्रता यादव, श्रीमती विनिता यादव सहित सभी परिजनों और विधायक केदार सिंह डाबर ने अपने पितृ पुरूष स्व. सुभाष यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मारूति रामायण मण्डल द्वारा भजन कीर्तन कर सुंदरकाण्ड का पाठ भी किया गया।